बर्दवान
आसनसोल
दुर्गापुर
रानीगंज

शिल्पांचल सन्मार्ग

॥ श्री हरि: ॥

नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्य:

बंगाल से प्रकाशित पूर्वी भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक

सोम वार

बंगाल

13 मई, 2019

वैशाख शुक्लपक्ष नवमी 9, विक्रम संवत् 2076

वर्ष 74, अंक 37, पूर्णांक 25808

मूल्य 5.00 रु., कुल पेज 14

www.sanmarg.in



गर्मी से परेशानी : दुर्गापुर में विभिन्न इलाकों में लोडशेडिंग से आम जनजीवन बदहाल हो गया है। सागरभांगा सहित बेनाचिटी, विधाननगर इलाके में आये दिन हो रही लोडशेडिंग से गर्मी में लोग बदहाल हैं।

# दुर्गापुर



विमोचन : आसनसोल स्पोर्ट्स ऑफिशियल द्वारा आयोजित 2 दिवसीय स्पोर्ट्स सेमिनार के अंतिम दिन ऑफिशियल के वार्षिक स्मारिका पुस्तक का विमोचन एमएमआईसी अभिजीत घटक ने किया।

## डीपीएस में समर कैंप का आयोजन



समर कैंप का आनंद उठाते छात्र-छात्राएं

**आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में रविवार को कक्षा नर्सरी से तीसरी तक के छात्रों के लिए समर कैम्प का आयोजन किया गया। समर कैम्प के दौरान बच्चों के लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों की रूचि, मनोरंजन, स्वास्थ्य और बौद्धिक स्तर में वृद्धि के उद्देश्य को ध्यान में रखकर तैराकी, नृत्य, गायन व संगीत तथा थियेटर जैसी गतिविधियों को रखा गया। वहीं तैराकी के साथ – साथ छात्रों ने शास्त्रीय एवं पाश्चात्य नृत्य व गायन के गुर भी सीखे। इस दौरान तेज धूप में गर्मी से बेहाल बच्चों ने तरणताल में संगीत की धुनों के बीच जल क्रीड़ा का भरपूर आनन्द उठाया और गर्मी से राहत पाई। तैराकी के साथ – साथ छात्रों ने शास्त्रीय एवं पाश्चात्य नृत्य व गायन के गुर भी सीखे। बी. केयरफुल लिटिल हैंड्स, फाइव लिटिल मंकीज जम्पिंग ओन द बैड जैसे गीतों का गायन सीखा और झूम- झूम कर गाते हुए इनका आनंद भी उठाया जिसने बच्चों की खुशी में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर बच्चों को 'हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन' फिल्म भी दिखाई गई। आमोद – प्रमोद के खुशनुमा माहौल में समर कैम्प के प्रथम दिवस का समापन हुआ।